# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी

शीशमबाग वन परिसर, जेल रोड, हीरानगर, हल्द्वानी, जिला नैनीताल
E-mail : dfote@rediffmail.com, Phone: 05946-254309, Fax: 05946-250298


पत्रांक 5502 / 12-1 हल्द्वानी, दिनांक 02/04/2025

सेवा में,

प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, उत्तराखण्ड देहरादून।

**विषयः–** **जनपद नैनीताल के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र लालकुंआ के अन्तर्गत गौजाजाली में आंवला चौकी गेट–मुस्कान केन्द्र के समीप क्रियाशाला संस्कार स्थल के निर्माण हेतु 0.063है0 वन भूमि ग्रामीण निर्माण विभाग को गैर वानिकी कार्यो हेतु प्रत्यावर्तन के संबध में।**

संदर्भः– प्रमुख प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड देहरादून का पत्रांक–1949/12–1 दिनांक–31.01.2025।

महोदय

उपरोक्त विषयगत प्रकरण में आपके पत्रांक–1045/12–1 दि0–30.12.2023 द्वारा अवगत कराया गया है कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून पत्रांक–8बी/यू.सी.पी./09/08/2023/एफ.सी./1085 दि0–21.11.2023 द्वारा उक्त प्रस्ताव को आर0ई0सी0 की आगामी बैठक में चर्चा करने हेतु रखे जाने का निर्णय लिया गया है। भारत सरकार एवं आपके द्वारा संबधित प्रयोक्ता अभिकरण को बैठक के समक्ष विस्तृत प्रस्तुतीकरण देने हेतु निर्देशित करने हेतु निर्देश निर्गत किये गये।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि इस कार्यालय के पत्रांक–3722/12–1 दिनांक–12.12.2023 एवं पत्रांक–4858/12–1 दिनांक–23.12.2023 द्वारा आगामी आर0ई0सी0 की बैठक में प्रस्ताव से संबधित विस्तृत प्रस्तुतीकरण देने हेतु तैयारी करने हेतु एवं प्रस्तुतीकरण प्रेषित करने हेतु लिखा गया है। उक्त के क्रम में प्रयोक्ता अभिकरण ने अपने पत्रांक–215/ग्रा0नि0वि0/4–प्रा0/मा0मु0मं0घो0/2023–24 दिनांक–09.04.2024 से आगामी आर0ई0सी0 की बैठक हेतु प्रकरण पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण तैयार कर इस कार्यालय को प्रेषित किया है।

अतः प्रकरण से संबधित आर0ई0सी0 की बैठक की कोई जानकारी प्राप्त न होने के कारण प्रस्ताव पर अग्रिम कार्यवाही नहीं की जा सकी। प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रेषित विस्तत प्रस्तुतीकरण संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

**संलग्न–प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रेषित विस्तृत प्रस्तुतीकरण।**

**भवदीय**

**(हिमांशु बागरी)**
प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई पूर्वी वन प्रभाग,हल्द्वानी।

**पत्रांक** 5502 **/12–1 दिनांकित**

**प्रतिलिपि–** निम्नलिखित को संदर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

1. वन संरक्षक पश्चिमी वृत्त, हल्द्वानी।
2. जिलाधिकारी नैनीताल।
3. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड, नैनीताल।

**(हिमांशु बागरी)**
प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई पूर्वी वन प्रभाग,हल्द्वानी।

AnyScanner